पत्र सूचना शाखा
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग उ०प्र०
(राज्यपाल सूचना परिसर)

राज्यपाल ने एन0सी0सी0 की मेगा साइक्लोथॉन टीम को राजभवन से हरी झण्डी दिखाकर किया रवाना

राज्यपाल ने दल में शामिल 14 बालिका कैडेट्स का उत्साहवर्धन किया

गुवाहटी से नई दिल्ली तक 2107 किमी की दूरी तय की जानी है

लड़कियां खुद को कमजोर ना समझे, खान–पान की आदतों में सुधार लाए

एन0सी0सी0, विद्यालय गोद लेकर विद्यार्थियों को विभिन्न शिक्षणेत्तर गतिविधियों का दें प्रशिक्षण

जीवन का लक्ष्य तय करें व चुनौतियों का सामना करें

सच को स्वीकारने तथा गलतियों का विरोध करने की आदत बनायें

–राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल

लखनऊ : 14 जनवरी, 2024

उत्तर प्रदेश की राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने आज राजभवन से उत्तर प्रदेश एन0सी0सी0 निदेशालय द्वारा अपनी स्थापना के 75 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर आयोजित मेगा साइक्लोथॉन ''हम किसी से कम नहीं'' अभियान की 14 सदस्यीय बालिका कैडेट्स की टीम को लखनऊ से आगे की यात्रा हेतु हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

इससे पहले राज्यपाल जी द्वारा मेगा साइक्लोथॉन दल में शामिल कैडेट्स को बधाई देकर उनका उत्साहवर्धन किया गया।

राजभवन में आयोजित कार्यक्रम में राज्यपाल जी ने कैडेट्स से संवाद स्थापित करते हुए यात्रा के दौरान उनके अनुभव, संघर्ष और चुनौतियां आदि के संबंध में जानकारी ली। उक्त कार्यक्रम में कैडेट सुश्री नंदिनी वर्मा व सुश्री अमीषा द्वारा अपने रोमांचक यात्रा का अनुभव भी साझा किया गया तथा टीम लीडर कर्नल अर्जुन सेन गुप्ता द्वारा उक्त अभियान के संदर्भ में आने वाली चुनौतियों, प्रशिक्षण, तैयारी तथा मिशन के उद्देश्यों के बारे में बताया गया।

राज्यपाल जी ने सभी बालिका कैडेट्स का उत्साहवर्धन करते हुए कुछ महत्वपूर्ण सुझाव भी दिए। उन्होंने कहा कि छोटी उम्र से ही इस प्रकार के प्रयास होने चाहिए। इस क्रम में उन्होंने विद्यालय द्वारा छात्र–छात्राओं को टूर व शैक्षणिक भ्रमण जैसी गतिविधियों को बढ़ावा दिए जाने की आवश्यकता बताई। उन्होंने कहा कि लड़कियां खुद को कमजोर ना समझें। राज्यपाल जी ने बालिकाओं को खान–पान की स्वस्थ आदतों को दिनचर्या में शामिल करने हेतु प्रेरित किया। उन्होंने एक शिक्षिका के रूप में गुजरात के अनुभव को साझा किया। उन्होंने गुजरात की तर्ज पर सभी राज्यों में 'स्टूडेंट पुलिस कैडेट' की व्यवस्था की आवश्यकता बताई।

राज्यपाल जी ने एन0सी0सी0 को प्रदेश के विद्यालय गोद लेकर बच्चों में विभिन्न शिक्षणेत्तर गतिविधियों के लिए प्रशिक्षण प्रदान कर बच्चों को तैयार करने हेतु कहा।

उन्होंने बच्चों को अपना कार्य स्वयं करने तथा विषम परिस्थितियों का सामना करने हेतु प्रोत्साहित किया। राज्यपाल जी ने छात्राओं को पढ़ाई के साथ–साथ घर के अन्य कार्य यथा रसोई आदि सीखने की भी सलाह दी। उन्होंने कहा कि जीवन का लक्ष्य तय करें, चुनौतियों का सामना करें, हौसला रखें। उन्होंने कहा कि जीवन में सच को स्वीकारने तथा गलतियों का विरोध करने की आदत बनायें। उन्होंने सभी

कैडेट्स को उनके अनुभवों को लिपिबद्ध करके कॉफी टेबल बुक बनाने हेतु प्रेरित किया।

ज्ञातव्य है कि एन0सी0सी0 निदेशालय द्वारा आयोजित मेगा साइक्लोथॉन के तहत 14 सदस्यीय बालिका कैडेट्स द्वारा गुवाहाटी से नई दिल्ली तक 2107 किलोमीटर की दूरी तय की जा रही है। इस यात्रा का उद्देश्य महिला सशक्तीकरण के साथ–साथ भारत की विविधता में एकता, प्रकृति संरक्षण का महत्व एवं स्वस्थ जीवन को बढ़ावा देने के संदेश का प्रसार करना है। इस अभियान को 24 दिसंबर 2023 को असम के राज्यपाल श्री गुलाबचंद कटारिया द्वारा गुवाहाटी से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया था तथा इसका समापन 28 जनवरी 2024 को नई दिल्ली में मा0 प्रधानमंत्री की गरिमामयी उपस्थिति में होगा। यह यात्रा पांच राज्यों से होते हुए तय की जा रही है, जिसमें अब तक 1492 किलोमीटर की दूरी तय की जा चुकी है। उत्तर प्रदेश में यह यात्रा बलिया से शुरू हुई है।

इस अवसर पर मेजर जनरल विक्रम कुमार, अपर मुख्य सचिव राज्यपाल डॉ0 सुधीर महादेव बोबडे, अभियान के टीम लीडर कर्नल अर्जुन सेन गुप्ता, राहुल मिश्रा, एनसीसी कैडेट्स तथा राजभवन के अधिकारी कार्मिक मौजूद रहे।

––––––

डा0 सीमा गुप्ता, सहायक निदेशक
कृष्ण कुमार, सूचना अधिकारी, राजभवन
सम्पर्क सूत्र–9454468250